UPRVUNL

उ0 प्र0 राज्य विद्युत उत्पादन सेवा आयोग,
उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उत्पादन निगम लि0
कक्ष संख्या 1025, दश्म तल, शक्ति भवन विस्तार
14–अशोक मार्ग, लखनऊ–226001
CIN: U40101UP1980SGC005065

पत्रांकः –उनिलि / उप्रराविउसेआ / 2019 / आपरेटिंग स्टाफ / चयन (प्रोन्नति) दिनाँकः 08 ,नवम्बर, 2019

*अनुस्मारक*

मुख्य अभियन्ता (स्तर–1)
पारीछा ताप विद्युत गृह,
उ0 प्र0 राज्य विद्युत उत्पादन निगम लि0,
पारीछा, झॉसी।

विषयः पी–4, पी–5 एवं पी–6 कार्मिकों से अवर अभियन्ता (सा0श्रे0) (विभागीय) के पदों पर चयन के माध्यम से पदोन्नति विषयक।

कृपया उपरोक्त विषयक इस कार्यालय के पत्र संख्या 275–उनिलि / उप्रराविउसेआ / 2019 / आपरेटिंग स्टाफ / चयन (प्रोन्नति) दिनॉक 19.10.2019 **(प्रति संलग्न)** का संदर्भ ग्रहण करने की कृपा करें, जिसके माध्यम से पी–4, पी–5 एवं पी–6 कार्मिकों से अवर अभियन्ता (सा0श्रे0) (विभागीय) के पदों पर चयन के माध्यम से पदोन्नति सम्बन्धी बिन्दुवार सूचनायें उपलब्ध कराये जाने का अनुरोध किया गया है, जो अभी वॉछित है।

उक्त सम्बन्ध में मुझे आपसे अनुरोध करने का निर्देश हुआ है कि :–

संलग्न उक्त पत्र / सूची में वर्णित बिन्दुओं से सम्बन्धित सूचनायें प्रपत्र एवं संलग्न कार्मिकों की सूची अनुसार अभ्यर्थियों के नाम के सम्मुख अंकित वॉछित अभिलेख (Required documents) / विभागीय अनुमति की सत्यापित प्रति इत्यादि इस कार्यालय को दिनॉक 20.11.2019 को सांय 05:00 बजे तक उपलब्ध कराने की कृपा करें।

साथ ही यह भी अनुरोध है कि उक्त पत्र के साथ सम्बन्धित कार्मिकों की संलग्न सूची अनुसार कार्मिकों को विषयगत पत्र उपलब्ध कराते हुये उनसे पावती (Receiving) भी इस कार्यालय को उपलब्ध कराने की कृपा करें।

कृपया उक्त के अतिरिक्त यह भी सूच्य है कि उक्त तिथि तक वॉछित सूचना / प्रपत्रों के प्राप्त न होने की स्थिति में विषयगत पदों की आवश्यकता के दृष्टिगत परियोजना स्तर से पूर्व में इस कार्यालय को प्राप्त सूचना / प्रपत्रों के आधार पर ही विषयगत प्रकरण में उच्चाधिकारियों के निर्देशानुसार अग्रेतर कार्यवाही प्रारम्भ की जायेगी।

संलग्नकः यथोपरि।

उपसचिव
उत्पादन सेवा आयोग

पत्रांकः 294 – उनिलि / उप्रराविउसेआ / 2019 / आपरेटिंग स्टाफ / चयन (प्रोन्नति) तददिनॉक :

प्रतिलिपि निम्नलिखित को प्रेषित :–

1. प्रबन्ध निदेशक, उ0 प्र0 राज्य विद्युत उत्पादन निगम लि0, शक्ति भवन, लखनऊ के निजी सचिव।
2. निदेशक (तकनीकी / परियोजना एवं वाणिज्य / कार्मिक एवं प्रशासन / वित्त), उ0 प्र0 राज्य विद्युत उत्पादन निगम लि0, शक्ति भवन विस्तार, लखनऊ।
3. अधिशासी निदेशक (वित्त), उ0 प्र0 राज्य विद्युत उत्पादन निगम लि0, शक्ति भवन विस्तार, लखनऊ।
4. मुख्य अभियन्ता (स्तर–1 / स्तर–2) ओबरा / अनपरा / पारीछा / पनकी / हरदुआगंज ताप विद्युत गृह को इस पत्र के साथ उक्त पूर्व पत्र(संलग्नक सहित) प्रेषित करते हुये अनुरोध है कि उपरोक्तानुसार सम्बन्धित परियोजना / ताप विद्युत गृह पर कार्यरत सम्बन्धित कार्मिकों को अपने स्तर से भी सूचना अवश्यमेव उपलब्ध कराने की कृपा करें।

.... 2

5. मुख्य अभियन्ता, जल विद्युत (उ0 प्र0 पावर कारपोरेशन लि0)/मुख्य अभियन्ता, कार्मिक एवं प्रबन्धन (जल विद्युत निगम लि0), शक्ति भवन विस्तार, लखनऊ को उ0 प्र0 राज्य विद्युत उत्पादन निगम लि0 के वे कर्मचारी जो जल विद्युत निगम लि0/उ0प्र0 पावर कारपोरेशन लि0 में प्रतिनियुक्ति पर तैनात हों, को उपरोक्तानुसार अपने स्तर से सूचित किये जाने के अनुरोध के साथ प्रेषित।
6. मुख्य अभियन्ता (स्तर–1/स्तर–2), मानव संसाधन/पी0पी0एम0एम0/जानपद एवं नव परियोजना/तापीय परिचालन/ईधन/वाणिज्य/आर0 एण्ड एम0/पर्यावरण एवं सुरक्षा इकाई, उ0प्र0रा0वि0उ0नि0लि0, शक्ति भवन विस्तार, 14–अशोक मार्ग लखनऊ, उपरोक्तानुसार कार्यवाही किये जाने हेतु प्रेषित।
7. कम्पनी सचिव, उ0प्र0रा0वि0उ0नि0लि0, शक्ति भवन विस्तार, लखनऊ।
8. मुख्यालय स्थित समस्त अधीक्षण अभियन्ता/उपमहाप्रबन्धक, उ0 प्र0 राज्य विद्युत उत्पादन निगम लि0, शक्ति भवन विस्तार, लखनऊ।
9. कार्मिक अधिकारी (औद्योगिक सम्बन्ध) उ0 प्र0 राज्य विद्युत उत्पादन निगम लि0, शक्ति भवन विस्तार, लखनऊ।
10. मुख्य परियोजना प्रबन्धक (प्रगति), उ0नि0लि0, लखनऊ को इस आशय के साथ प्रेषित कि इस पत्र को संलग्नकों सहित निगम की वेबसाइट www.uprvunl.org पर अपलोड करवाने हेतु अधीनस्थ को निर्देशित कर दें।
11. सूचना–पट, उ0 प्र0 राज्य विद्युत उत्पादन सेवा आयोग/उ0 प्र0 पावर कारपोरेशन लि0/उ0प्र0 राज्य विद्युत उत्पादन निगम लि0, शक्ति भवन/विस्तार, 14–अशोक मार्ग, लखनऊ।

उपसचिव
उत्पादन सेवा आयोग

पंजीकृत / स्पीड पोस्ट

UPRVUNL

उ0 प्र0 राज्य विद्युत उत्पादन सेवा आयोग,
उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उत्पादन निगम लि0
कक्ष संख्या 1025, दश्म तल, शक्ति भवन विस्तार
14–अशोक मार्ग, लखनऊ–226001
CIN: U40101UP1980SGC005065

पत्रांकः 275–उनिलि / उप्राविउसेआ / 2019 / आपरेटिंग स्टाफ / चयन (प्रोन्नति) दिनाँकः 19 ,अक्टूबर, 2019

मुख्य अभियन्ता (स्तर–1)
पारीछा ताप विद्युत गृह,
उ0 प्र0 राज्य विद्युत उत्पादन निगम लि0,
पारीछा, झाँसी।

विषयः पी–4, पी–5 एवं पी–6 कार्मिकों से अवर अभियन्ता (सा0श्रे0) (विभागीय) के पदों पर चयन के माध्यम से पदोन्नति विषयक।

महोदय,

उ0 प्र0 राज्य विद्युत परिषद परिचालकीय कर्मचारी वर्ग सेवा विनियमावली 1995 यथासंशोधित के अन्तर्गत उ0प्र0 राज्य विद्युत उत्पादन निगम में कार्यरत श्रेणी पी–4, पी–5 एवं पी–6 के कुशल परिचालकीय कार्मिक, की "U.P. State Electricity Board Sub-ordinate Electrical & Mechanical Engineering Service Regulation-1972" यथा संशोधित के प्राविधानों के अन्तर्गत अवर अभियन्ता (सा0ग्रे0) के 72 पदों पर चयन के माध्यम से पदोन्नति हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाने हेतु कार्यालय ज्ञाप संख्या 63–उनिलि / उप्राविउसेआ / 2019 / आपरेटिंग स्टाफ / चयन(प्रोन्नति) दिनाँक 05.03.2019 निर्गत किया गया था।

उक्त निर्गत कार्यालय ज्ञाप एवं निगम के संगत विनियमावली अनुसार विभिन्न परियोजनाओं / ताप विद्युत गृहों द्वारा मुख्यालय के निर्धारित प्रारूप में सम्बन्धित कार्मिकों के आवेदन पत्र में दिये गये विवरण को अंकित करते हुये परियोजनावार उपलब्ध कराई गई सूची को मुख्यालय स्तर से संकलित करते हुये परियोजनावार संयुक्त सूची निगम वेबसाइट पर सम्बन्धित कार्मिकों से उनकी आपत्ति (यदि कोई हो) प्राप्त करने के उद्देश्य से अपलोड कराया गया। प्राप्त आपत्तियों सहित सूची उत्पादन सेवा आयोग समिति की बैठक के समक्ष अग्रेतर कार्यवाही हेतु प्रस्तुत किया गया, जिसे आयोग समिति द्वारा अवलोकनोंपरान्त निम्नांकित बिन्दुओं के सम्बन्ध में सम्बन्धित ताप विद्युत गृह से सूचना प्राप्त करने / अपने स्तर से कार्यवाही किये जाने हेतु सूचित किये जाने का निर्देश दिया गयाः–

1. **संलग्न सूची** अनुसार वॉछित अभिलेख (Required documents) की नियंत्रक अधिकारी द्वारा सत्यापित प्रति।
2. ऐसे अभ्यर्थियों जो निगम की सेवा में आने के उपरान्त रेगुलर / व्यक्तिगत / पार्ट टाइम अभ्यर्थी के रूप में विषयगत नियमावली अनुसार शैक्षिक एवं तकनीकी अर्हता प्राप्त करने हेतु सक्षम स्तर से विभागीय अनुमति प्राप्त किये जाने सम्बन्धी तथा रेगुलर अभ्यर्थी के रूप में वर्णित शैक्षिक अर्हता प्राप्त करने हेतु अध्ययन अवकाश सम्बन्धी निर्गत अनुमति पत्र की नियंत्रक अधिकारी द्वारा सत्यापित प्रति।
3. ऐसे आवेदकों के आवेदन पत्र जो विषयगत चयन से सम्बन्धित निर्गत कार्यालय ज्ञाप के अनुसार नहीं है फिर भी उन आवेदकों के आवेदन पत्र नियंत्रक अधिकारी द्वारा सत्यापित / संस्तुति करके परियोजना प्रमुख के माध्यम से इस कार्यालय को प्रेषित किये गये है। निर्गत कार्यालय ज्ञाप के अनुसार अर्ह नही पाये गये अभ्यर्थियों के आवेदन पत्र सत्यापित / संस्तुति करने वाले नियत्रंक अधिकारी से सम्बन्धित परियोजना प्रमुख अपने स्तर से अग्रेतर कार्यवाही करते हुये कृतकार्यवाही से मुख्यालय को अवगत कराया जाये, जिससे प्रकरण निगम मुख्यालय के मानव संसाधन अनुभाग को उचित कार्यवाही हेतु अग्रसारित किया जाये।

अतः उपरोक्त बिन्दुओं से सम्बन्धित कार्मिकों की सूची संलग्न करते हुये मुझे आपको यह सूचित करने का निर्देश हुआ है कि संलग्न सूची अनुसार अभ्यर्थियों के नाम के सम्मुख अंकित वॉछित अभिलेख (Required documents) / विभागीय अनुमति की सत्यापित प्रति इस कार्यालय को अतिशीध्र उपलब्ध कराने के साथ उक्त **बिन्दु संख्या 3** के सम्बन्ध में अग्रेतर आवश्यक कार्यवाही किये जाने का कष्ट करें।

संलग्नकः यथोपरि।

भवदीय

Am
Dy Secy. O/C

18/10/19

( दिलीप कुमार ओझा )
सचिव

# LIST OF CANDIDATES FOR P-4, P-5, & P-6

| | Project List No. | Name of Project | Name of Candidates (Sri) | Father's Name (Sri) | Date of Birth | Detail of P-4 Post | | | Remarks/Documents Required |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | Name of Post | Date of Joining on P-4 Post | Place of Posting when appointed/ promoted as P-4 | |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 |
| 1 | 4 | PTPP | VIJAY KUMAR VERMA | LT. VEERBAL VERMA | 01.01.1971 | TG-II | 18.11.1998 | OGD-I, PTPP | JOINING AT P4 SERVICE BOOK COPY NOT ENCLSOED |